**मुख्य समाचार :–**

- अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष– 2025 के तहत राज्य और जिला स्तर पर हर महीने व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- कोविड को देखते हुये प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश।
- सांसद अजय भट्ट ने संजय वन को और अधिक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।
- मौसम विभाग ने आज पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

## प्रेरक गतिविधि आयोजन

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष– 2025 के तहत राज्य से लेकर जिला स्तर तक हर महीने प्रेरक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं, जिनमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। देहरादून में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में सहकारिता सचिव दिलीप जावलकर ने यह निर्देश दिए। बैठक के दौरान श्री जावलकर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को केवल प्रतीकात्मक न मानकर सुरक्षित और प्रभावी वृक्षारोपण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि इसके लिए बेहतर स्थानों का चयन कर पौधों की सुरक्षा और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाए।

'स्वच्छता में सहकार' कार्यक्रम के तहत सहकारिता परिसरों और अन्य स्थानों पर सफाई और स्वच्छता बढ़ाने पर भी बल दिया गया। सचिव ने प्राथमिक सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम वितरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

श्री जावलकर ने कहा कि सभी सहकारिता कार्यालयों में समरूप डिज़ाइन वाले लोगो युक्त बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की स्पष्ट जानकारी होगी। दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान डिजिटल कैंपेन, रन फॉर सहकारिता और खेल गतिविधियों जैसी थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सचिव ने पीएम जन औषधि केंद्र, पीएम किसान समृद्धि केंद्र और सामान्य सेवा केंद्रों के पारदर्शी संचालन के भी निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को जिलों का नियमित भ्रमण कर सहकारिता वर्ष से संबंधित गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने को कहा। गौरतलब है कि अब तक सहकारिता विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में 963 और बैंकर्स द्वारा 872 पौधों का रोपण किया गया है। मानसून में इस अभियान को और गति दी जाएगी।

## कोविड सतर्कता

देशभर में कोविड को देखते हुये प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये हैं। विभागीय अधिकारियों को अभी से सभी तैयारियां पुख्ता रखने को कहा गया है। इसके अलावा शासन स्तर पर विभागीय सचिव और जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारियों को कोरोना के सम्भावित मामलों की निगरानी करने के निर्देश दिये गये हैं। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आम लोगों से अपील करते हुये कहा कि वह कोरोना को लेकर घबराएं नहीं, सरकार किसी भी परिस्थिति से निपटने को पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि कोविड की समुचित रोकथाम के लिये विभागीय अधिकारियों को सर्विलांस सिस्टम को सुदृ ढ़ करने और कोविड के लक्षणों से ग्रसित रोगी की अनिवार्य रूप जांच करने सहित कई अन्य जरूरी निर्देश दिये गए हैं। डॉ. रावत ने कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण व चिकित्सा इकाईयों में पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिये महानिदेशलय स्तर पर एक नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होंने शासन स्तर पर स्वास्थ्य सचिव और जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना की नियमिति मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिये, ताकि कोरोना के सम्भावित मामलों की निगरानी और जांच व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।

## राजस्व प्राप्ति

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने रेखीय विभागों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित कर व गैर कर राजस्व लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य की सेवा, विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए राजस्व प्राप्ति अत्यंत आवश्यक है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कर चोरी रोकने के लिए प्रभावी निगरानी और क्षेत्रीय निरीक्षण जरूरी हैं ताकि राजस्व की हानि रोकी जा सके।

बैठक में बाट–माप, खनन और परिवहन विभाग को प्रवर्तन गतिविधियों को तेज करने तथा विद्युत और जल संस्थानों को कनेक्शनों का मिलान कर चोरी पर लगाम लगाने के निर्देश दिए गए। आबकारी, वन, सिंचाई जैसे विभागों को निर्धारित समय सीमा में राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

## सांसद निरीक्षण

नैनीताल–ऊधमसिंहनगर से सांसद अजय भट्ट ने ऊधमसिंह नगर जिले के तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज स्थित संजय वन चेतना केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर संजय वन को और अधिक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सांसद ने पर्यटन सचिव और मुख्य वन संरक्षक इको पर्यटन से दूरभाष पर वार्ता कर संजय वन को और विकसित करने के लिए बजट आवंटित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री भट्ट ने पर्यटन सचिव से भी वार्ता करते हुए 74 लाख रुपए का बजट आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कुमाऊं की वादियों का लुफ्त उठाने आने वाले पर्यटकों के लिए संजय वन एक बेहतर विकल्प हो सकता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संजय वन को और सुंदर बनाने के लिए कार्य करें, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को बेहतर पर्यटन स्थल मिल सके। सांसद ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संजय वन के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वन विभाग व शासन को भी अच्छी आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों से संजय वन को पुनर्जीवित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव भी मांगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इस बीच, राजधानी देहरादून में आज सुबह बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत चम्पावत जिले के कृषि विज्ञान केंद्र सुई–लोहाघाट से तीन कृषि रथों को रवाना किया गया। यह रथ जिले के चारों विकास खण्डों की 135 ग्राम पंचायतों के साढ़े चार हजार किसानों से संपर्क करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र की प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. दीपाली तिवारी पांडेय ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, किसानों के द्वार जाकर उन्हें कृषि संबंधी विभिन्न जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

मुख्य कृषि अधिकारी डी. कुमार ने बताया कि इस अभियान में विभिन्न विभाग, किसानों को खेती की वैज्ञानिक विधि के बारे जानकारी देंगे और उनके सुझाव लेकर समस्याओं समाधान करेंगे।